## सार-समाचार

### एट होम कार्यक्रम के लिए मिला निमंत्रण

**अंता।** बारां जिले के अंता तहसील के गाँव दुगारी के रहने वाले युवा किसान हरी ओम नागर को 15 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में होने वाले एट होम कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र मिला है। 25 वर्षीय युवा किसान हरिओम नागर एग्रीकल्चर से एमएससी कर केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर तिलहन योजना से जुड़ उन्नत खेती कर रहे हैं। नागर द्वारा इस योजना के तहत अपने खेत में सोयाबीन उत्पादन किया जा रहा है । हरिओम के पिता परशुराम भी किसान उत्पादक संघ रिच रिटर्न्स के अध्यक्ष हैं और अंता क्षेत्र के किसानों की प्रगति के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं । हरिओम भी किसान उत्पादक संघ में सक्रिय रूप से जुड़कर किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लाभ दिलाते हैं। राष्ट्रपति भवन से आए इस बुलावे के बाद हरिओम और उनका परिवार बेहद खुश है । इस छोटी सी उम्र में हरिओम ने शिक्षा के बाद नौकरी की तलाश न करके भारत सरकार के योजना से जुड़कर कृषि को ही अपना व्यवसाय चुना है। कृषि विभाग बारां द्वारा समय-समय पर आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से हरिओम को नई-नई कृषि योजनाओं, उन्नत बीजों, जैविक विधियों तथा तकनीकी संसाधनों की जानकारी दी गई, जिनका उपयोग उन्होंने अपने खेतों में सफलता के साथ किया। इससे न केवल उनकी उपज में वृद्धि हुई, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों ओर हजारों युवाओं के लिए भी प्रेरणा बन गए है राष्ट्रपति भवन से आए इस निमंत्रण पत्र को देने के लिए आज बारां डाक विभाग की ओर से डाक निरीक्षक डाक मनीष जैन अपनी टीम के साथ दुगारी पहुंचे, उन्होंने बारां डाक विभाग को आज ही प्राप्त हुए इस आमंत्रण पत्र को हरिओम नागर को सौंपा । आमंत्रण पत्र मिलने के बाद हरि ओम और उनके परिजनों समेत उनके गाँव के लोग बेहद खुश है।

### विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो कार्यक्रम सम्पन्न

**छबड़ा।** विश्व अर्थव्यवस्था अस्थिरता और अनिश्चितता का सामना कर रही है। ऐसे समय में, देश केवल अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और उसे अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं के प्रति सचेत रहना होगा। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष में विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।विभाग संयोजक दिनेश गौड़ ने स्वदेशी पर भी नए सिरे से जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि यदि हम चाहते हैं कि भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने तो प्रत्येक नागरिक को स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए काम करना होगा। व्यापारियों और दुकानदारों से विशेष अपील करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुज़र रही है, आइए हम अपनी दुकानों और बाज़ारों में केवल स्वदेशी सामान बेचने का संकल्प लें। भारत में निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देना ही देश की सच्ची सेवा होगी। इस अवसर पर जिला संपर्क प्रमुख ऋषि माहेश्वरी एवं नगर, तहसील के समस्त कार्यकर्ताओ ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया। वाहनों पर स्वदेशी के पत्रक लगाए एवं व्यापारियों से आठाह किया कि विदेशी वस्तुओं का व्यापार बंद करे और स्वदेशी को बढ़ावा दे जिससे विदेशी आक्रांताओं को कमर टूट जाए और हमारा भारत समृद्ध हो।

### विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन

**कोटा,** (निसं)। इनरव्हील क्लब कोटा द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में रविवार को आईएमए हॉल में समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अविनाश बंसल एवं डॉ.सी.बी. दासगुप्ता ने की। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब अध्यक्ष चारू जैन भी मंचासीन रहीं और युवा माताओं को स्तनपान के महत्व पर अपने विचार साझा किए। क्लब सचिव नीरजा कोहली ने बताया कि इस जनसेवा कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व से अवगत कराना और प्रसूता एवं गर्भवती महिलाओं को पोषणयुक्त आहार सामग्री प्रदान करना था। अध्यक्ष चारू जैन ने कहा कि स्तनपान केवल एक प्राकृतिक प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि नवजात शिशु के सम्पूर्ण विकास का मूल आधार है। इससे शिशु को रोग प्रतिरोधक क्षमता मिलती है और माताओं का स्वास्थ्य भी संतुलित रहता है। इस अवसर पर डॉ.नीता जैन और नीरजा कोहली सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। आईएमए महासचिव डॉ.मनीष बोहरा ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की, जबकि वाइस प्रेसिडेंट डॉ. दीपक गुप्ता और अध्यक्ष डॉ.के.श्रृंगी ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

### ममता विजय कॉर्डिनेटर नियुक्त

**कोटा,** (निसं)। लायंस क्लब प्रांत 3233-ई2 के प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग द्वारा लायन ममता विजयवर्गीय को एक्शन संडे कमेटी कॉर्डिनेटर के पद पर नियुक्त किया गया हैं। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफलायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की सदस्य लायन ममता विजय पूर्व मे भी प्रांत के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकी हैं। इनका कार्यकाल 30 जून 26 तक रहेगा। इस क्रम में उनके अंतर्गत राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के प्रांत के 150 से अधिक क्लब्स को प्रतिमाह के दूसरे संडे को होने वाले प्रांतीय सेवाकार्य के लिए प्रेरित करने का जिम्मा मिला हैं। इस नियुक्ति पर लायन पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### धरणीधर जनमोत्स्व की तैयारियां पूर्ण

**छबड़ा।** धरणीधर जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई।ब्लॉक अध्यक्ष महावीर धाकड़ के अनुसार महिला, पुरुष, बालक-बालिकाओं के साथ जुलूस ओर उत्सव की तैयारियां जोरों पर है। क्षेत्र के गांव- गांव में जाकर समाज के नागर, मालव, किराड़ धाकड़ समाज के युवा कार्यकर्ता निमंत्रण दे रहे हैं। कार्यक्रम में लगभग 20 हजार धाकड़ शामिल होने की संभावना है। उत्सव के दिन समाजबंधु बन्धु अपने प्रतिष्ठान, दुकान ओर अन्य कार्य से अवकाश लेकर कार्यक्रम में परिवार सहित शामिल होंगे।

# 'एक गुब्बारे से होने वाला प्रदूषण एक वन्यजीव के नष्ट होने के बराबर'

**कोटा,** (निसं)। वाईल्डलाईफ डिवीजन कोटा और कोटा ग्रीन कम्युनिटी के संयुक्त तत्वावधान में यशोदा केसर वाटिका, अभेड़ा जैविक उद्यान परिसर में रविवार को 201 वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. गोपाल सिंह नरूका (अर्थशास्त्री) के परिवार द्वारा उनके माता-पिता की पुण्य स्मृति में किया गया। आयोजक प्रणव राज सिंह खींची ने बताया कि इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के पर्यावरण प्रेमी एकजुट हुए और हरित विकास का संकल्प लिया।

■ **यशोदा केसर वाटिका, अभेड़ा जैविक उद्यान परिसर में 201 वृक्षों का रोपण किया**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डीसीएफ अनुराग भटनागर ने कहा, "गुब्बारों का प्रयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह वन्यजीवों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। एक गुब्बारे से होने वाला प्रदूषण एक वन्यजीव के नष्ट होने के बराबर है। हमें उत्सवों में ऐसे विकल्प अपनाने चाहिऐं जो प्रकृति के अनुकूल हों।" मुख्य अतिथि भावना शर्मा ने वृक्षारोपण की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे पुनीत कार्यों में अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिऐं, क्योंकि यह भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर हैं।



कोटा में पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी लीना भटनागर ने कहा कि वृक्षारोपण एक ऐसा कार्य है जो सभी को अपने जीवन में कम से कम एक बार अवश्य करना चाहिऐं, क्योंकि यह धरती के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ.गोपाल सिंह नरूका एवं अन्य अतिथियों ने लघु उद्योग काउंसिल कोटा के अध्यक्ष एल.सी. बाहेती, राष्ट्रपति अवॉर्डी डॉ. आर.सी. साहनी, यज्ञदत्त हाड़ा, बृजेश विजयवर्गीय, गीता दाधीच, कोटा ग्रीन कम्युनिटी के संस्थापक प्रणव राज सिंह खींची, वीर राघवाचार्य, हेमंत छाबड़िया, मनीष त्रिपाठी, मनोज जैन, फलक जैन सहित कई पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मनीष त्रिपाठी ने बताया कि नरूका परिवार की और से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प एवं पौधों से किया गया। वृक्षारोपण में शहर के अनेक पर्यावरण प्रेमी जी.के.चौधरी, आर.बी.गिरी, डॉ.एल.एन.शर्मा, गिरीश त्रिपाठी, डॉ.सुधींद्र श्रृंगी, एस.एन.टांक, विजय पालीवाल, रामावतार सुमन, राजेंद्र वर्मा, महेंद्र सिंह, रिंकेश कुमार, सिद्धार्थ सक्सेना, भुवनेश सिंघल, जेड. असलम, पराग वर्मा, ओमप्रकाश वैष्णव, असलम आसफी, वीरेंद्र सिंह शक्तावत, पंकज शर्मा, कृष्णा पाराशर, गुरुचरण सिंह, मनोज माली, निधीश त्रिपाठी, विनीत महोबिया, शिव प्रकाश मालव, ज्योत्स्ना सिंह, अचला त्रिपाठी, शांभवी सिंह, यज्ञा सिंह आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## सफाई अभियान चलाया

**रतनगढ़।** रतनगढ़ में सरदारशहर की ओर जाने वाली पुरानी रेलवे लाइन के किनारे उगे झाड़-किंकर की सफाई शुरू की गई है। वार्ड संख्या 28 के पार्षद नंदकिशोर भार्गव के नेतृत्व एवं रेल कर्मचारी की उपस्थिति में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें जेसीबी की मदद से झाड़-किंकर को काटा गया है। पिछले कई दिनों से इस इलाके में घने किंकर व घास थी, जिससे कारण गंदगी का आलम बना हुआ था। साथ ही स्तनधारी जीव जंतुओं का खतरा भी मंडरा रहा था। इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों ने पार्षद नंदकिशोर भार्गव उक्त समस्या बयां की, जिस पर उन्होंने रेलवे से संपर्क कर सफाई के लिए अनुमति मांगी। अनुमति मिलते ही उन्होंने नगरपालिका स्तर पर जेसीबी लगवाकर पूरे क्षेत्र की सफाई करवाई है।

# शिविर को लेकर उत्साह

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर के कृषि उपज मंडी स्थित व्यापार संघ भवन में ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन रामगंजमंडी के तत्वावधान में विश्वस्तरीय मुंबई की जांच लैब द्वारा 5 दिवसीय संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य जांच शिविर का रविवार को जनसमूह में खासा उत्साह रहा।

इन 5 दिनों में करीब 400 लोगों ने अपने पूरे शरीर की जांच कराकर परामर्श लिया। जांचों हेतु उत्साहित नगरवासियों की उमड़ी भीड़ को देखकर पदाधिकारीयों ने जनसमूह की मांग पर शिविर मात्र 2 दिवस हेतु आगे बढ़ाया। अब शिविर में जांचों का लाभ इस सोमवार व मंगलवार को भी लिया जा सकेगा। ये 2 दिन इस वर्ष का अंतिम अवसर है, लोगों ने रामगंजमंडी में इस तरह के जांच शिविर को क्षेत्रवासियों हेतु अनूठी सौगात बताया। वहीं आयोजकों ने आम लोगों से विशेष आग्रह करते हुए पूरे परिवार की जांचे इस शिविर में कर वाकर स्वाथ्य लाभ लेने की बात कही।

गौरतलब है कि समाज सेवा के उद्देश्य से सामाजिक सरोकार के तहत आयोजित हो रहे इस शिविर की चर्चाएं पूरे जिले में है। वहीं सोमवार व मंगलवार यानी कि 11 व 12 अगस्त अंतिम 2 दिन का अवसर होने से खासी भीड़ उमड़ने की संभावना है। शिविर के संयोजक निर्मल सिंघवी (महावीर इंटरनेशनल अपेक्स) ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन रामगंजमंडी के अध्यक्ष मुकेश कुमार धाकड़, उपाध्यक्ष मोहित गर्ग, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार जैन, सचिव योगेश गुप्ता व सहसचिव लड्डू लाल बैसला सहित समस्त सदस्यगण उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे है। जाँच टीम के सदस्यों द्वारा शिविर स्थल तक आने में असमर्थ वरिष्ठिजनों का जाँच सेम्पल घर जाकर लिया जा रहा है। पदाधिकारियों के अनुसार सोमवार व मंगलवार शिविर में जाँचो हेतु अंतिम 2 दिवस है, जाँच करवाने वाले व्यक्ति को भूखे पेट आना अनिवार्य रहेगा। शिविर में पूरे शरीर की करीब 70 जाँचो हेतु मात्र एक ब्लड सैंपल जाँच टीम के सदस्यों द्वारा लेकर वायुयान से प्रतिदिन मुंबई स्थित लेबोरेटरी भेजा जा रहा है अत्याधुनिक मशीनों द्वारा जांच के पश्चात मरीजों को रिपोर्ट देकर परामर्श दिया जा रहा है।

# भारतीय शिक्षा बोर्ड विषय पर स्कूल शिक्षा परिवार की संगोष्ठी संपन्न

**कोटा,** (निसं)। भारतीय शिक्षा बोर्ड एक वैध और मान्यता प्राप्त शिक्षा परिषद है, जिसकी स्थापना भारत सरकार ने 4 अगस्त 2022 को की थी। इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति व विरासत के अनुरूप शिक्षा देना तथा वैदिक, आधुनिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को एक साथ समाहित करना है।

इस बोर्ड का मुख्यालय हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ के पास है और इसके संचालन का दायित्व भारत सरकार ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को सौंपा है। यह बात संभाग स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रविवार को श्री रामशांताय सभागार, स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महावीर नगर तृतीय में भारतीय शिक्षा बोर्ड के वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ.एन.पी.सिंह (आईएएस, सेवानिवृत्त) ने कही। भारतीय शिक्षा बोर्ड,अन्य राष्ट्रीयकृत बोर्ड केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,



कोटा में भारतीय शिक्षा बोर्ड विषय पर स्कूल शिक्षा परिवार की संभागीय संगोष्ठी को डॉ.एन.पी.सिंह ने संबोधित किया है।

भारतीय स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा परिषद, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की तरह राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य भारतीय संस्कृति, वैदिक शिक्षा, योग, संस्कृत, आधुनिक विज्ञान एवं गणित आदि का एकीकरण करके छात्रों को संपूर्ण व्यक्तित्व विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। बोर्ड की पाठ्यक्रम रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा 2005 के सिद्धांतों के अनुरूप होती है, जिसमें नैतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा का समावेश है।

## बैठक आयोजित

**तारानगर।** भाजपा कार्यालय में तारानगर शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनुप खंडेलवाल की अध्यक्षता व जिला सयोंजक भास्कर शर्मा के मुख्यतिथ्य में कस्बे के भाजपा कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान व विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस की कार्यशाला की बैठक आयोजित हुई संपन्न हुई जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगीड़, विधानसभा संयोजक अजीतसिंह राठौड़, जमरदीन तेली, कैप्टन कल्याणसिंह, मातुसिंह राठौड़, एडवोकेट अनुप खंडेलवाल आदि वक्ताओं ने भारत व पाकिस्तान के विभाजन के समय हुए नरसंहार व विभाजन की त्रासदी में प्रभावित हुए लोगों को याद किया व विभाजन की घटना को स्मृति दिवस में मनाने का निर्णय लिया जिसके तहत 10 अगस्त से 14 अगस्त तक मंडल स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा और 14 अगस्त को तारानगर शहर में मण्डल स्तर पर होने वाली तिरंगा यात्रा के बारे में जानकारी दी।

# जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा रैली 13 को

**कोटा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में जी.एम.ए. सभागार, जी.एम.ए. प्लाजा में भाजपा कोटा शहर की बैठक सम्पन्न हुई।

■ **शहीद स्मारक पर होगा भाजपा तिरंगा यात्रा रैली का त्रिवेणी संगम**

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। यह महज एक अभियान नहीं, बल्कि देशभक्ति की उस भावना का उत्सव है जो हर नागरिक के हृदय में समाई हुई है। राष्ट्रीय पर्व की तरह यह अभियान पूरे देश को एक सूत्र में बाँधता है और भारतीयता का गौरवशाली परिचय देता है। आगामी 11 से 15 अगस्त तक कार्यक्रम को लेकर आज सभी मण्डलों को तिरंगा झण्डो का वितरण किया गया गया। 13 अगस्त को पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया जाएगा। कोटा उत्तर विधानसभा के पांचो मण्डलों से भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन विधानसभा संयोजक रितेश चित्तौड़ा के सानिध्य में तिरंगा यात्रा रैली के माध्यम से स्वामी विवेकानंद चौराहा नयापुरा पर एकत्रित होगे, कोटा दक्षिण विधानसभा के पांचो मण्डल व गणेश नगर मण्डल से भाजपा कार्यकर्ता व आमजन विधानसभा संयोजक जगदीश जिंदल के सानिध्य में तिरंगा यात्रा रैली के माध्यस से चौपाटी गुमानपुरा पर एकत्रित होगे, इसी तरह लाड़पुरा में तीनों मण्डलों से भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन विधानसभा संयोजक राजेश शर्मा के सानिध्य में तिरंगा यात्रा रैली के माध्यम से बोरखेड़ा चौराहा पर एकत्रित होकर, तीनो विधानसभा के निवासियों को सहभागिता में तिरंगा यात्रा रैली शाम 5 बजे शहीद स्मारक पर त्रिवेणी संगम के माध्यम से रैली के रूप में आएगी जिसका समापन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि कर अमर शहीद सैनिकों को याद करते हुए किया जायेगा।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के जिला संयोजक जगदीश जिंदल, रितेश चित्तौड़ा व राजेश शर्मा ने कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मण्डल स्तर पर कार्यक्रम के सफल संचालन एवं जिलास्तरीय तिरंगा रैली की तैयारियों को लेकर तैयारी बैठके कर रूपरेखा तैयार की जा रही है। 11-12 अगस्त को घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा झण्डे लगाने हेतु तिरंगे झण्डों का वितरण किया जा रहा हे एव बूथ स्तर तक तिरंगा रैलियों का आयोजन होगा। तैयारी बैठक में प्रदेश व जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व हर घर तिरंगा यात्रा रैली के जिला व मण्डल संयोजक व सहसंयोजक सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महामंडलेश्वर के सानिध्य में रोटरी क्लब ने किया पौधारोपण

**बूंदी।** शहर के बायपास रोड स्थित दधिमती माता मंदिर रोड पर रोटरी क्लब की ओर से रविवार को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य महामंडलेश्वर श्री जगदीश पुरी जी महाराज तथा विशिष्ट अतिथि एजाजुद्दीन अंसारी रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य श्री महामंडलेश्वर जगदीश पुरी जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। पुराने समय से वृक्षों को पूजनीय माना गया है। उन्होंने कहा कि जो वृक्ष रोटरी क्लब द्वारा सड़क के दोनों और लगाए गए हैं इसी से मार्ग में हरियाली होगी और आने जाने वाले राहगीरों को भी छाया प्राप्त हो सकेगी। महामंडलेश्वर आचार्य श्री के सानिध्य में मंत्री ,जाजू परिवार की ओर से बड़ , पीपल , अर्जुन की छाल के पौधों की वैदिक मंत्र के साथ पूजा अर्चना कर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया गया। उन्होंने इन पौधों में देवताओं का वास बताया है इनकी पूजा अर्चना की जाती है।कार्यक्रम से पूर्व क्लब क्लब अध्यक्ष ऋतुराज दाधीच ,सचिव जगदीश मंत्री ,प्रोजेक्ट डायरेक्टर चंद्रभानु लाठी, सुरेश जागेटिया सहित क्लब सदस्यों




100801 बूंदी में रोटरी क्लब की ओर से सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

और सामाजिक संगठनों ने अतिथियों का दुपट्टा पहनकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। पौधों की रखरखाव के लिए बांस से बने टी गार्ड भी पौधों के साथ लगाए गए सभी ने पौधों की सार संभाल के जिम्मेदारी ली। पंडित विश्वनाथ भारद्वाज ने विधिवत पूजा अर्चना संपन्न कराई।इनर व्हील क्लब, भारत विकास परिषद ,दाधीच समाज ,जैन सोशल ग्रुप ,,माहेश्वरी समाज ,डायमंड क्लब ,इंटक चैप्टर, मॉर्निंग हेल्थ क्लब , सुंदरकांड नवयुवक मंडल, अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन सहित सामाजिक संगठनों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया।वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, लक्ष्मी चंद गुप्ता ,हासम भाई ,लोकेश सिंह जादौन, जितेंद्र छाबडा, सुरेश दाखेड़ा, राजकुमार दाधीच, भोले शंकर बाहेती, असरार अंसारी, राकेश सुवालका, नारायण झवर ,ध्रुव व्यास, केसी वर्मा, निखिल मूलचंदानी, डीटीओ शिवजी लाल आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### शिक्षा मंत्री से शिटाचार भेंट

**कोटा,** (निसं)। भारतीयता, सांस्कृतिक मूल्यों और आदर्श जीवन सिद्धांतों पर आधारित एक सशक्त शिक्षा प्रणाली स्थापित करने के उद्देश्य से गठित भारतीय शिक्षा बोर्ड, पतंजलि, हरिद्वार देश में शिक्षा के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उन्नत कार्य और बोर्ड की गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह (आईएएस, सेवानिवृत्त) ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात की। डॉ. सिंह ने बोर्ड की कार्यप्रणाली, शिक्षकों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया तथा शिक्षा के उन्नयन हेतु चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा मंत्री को हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में बने बोर्ड के मुख्यालय आने का आमंत्रण भी दिया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बोर्ड की पहल और कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

### पांच दिवसीय योग शिविर शुरू

**झुंझुनूं।** पतंजलि योग समिति द्वारा नेहरू पार्क झुंझुनूं में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने अपने कर कमलों से किया। पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार ने शिविर के प्रथम दिन उपस्थित योग साधकों को आठों प्राणायाम एवं विभिन्न बीमारियों जैसे मधुमेह, मोटापा, कमर दर्द, थायराइड, घुटने का दर्द, अनिंद्रा उच्च रक्तचाप आदि को दूर करने वाले आसनों का सहज रूप से योगाभ्यास करवाया। इस दौरान आकाश खटीक ने लगातार 101 मिनिट तक सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर योग शिक्षक पवन कुमार ने कहा कि योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। योग हमारे ऋषि परम्परा हैं। इस अवसर पर 101 मिनिट लगातार सूर्य नमस्कार करने पर आकाश नेहरा को माल्यार्पण एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। योग शिविर में पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, रजनी जिनोलिया, सावित्री चौधरी, नेहा, सुमित्रा, सबाना, प्रीति शर्मा, सुमित्रा देवी, डॉ. संपत्त बारूपाल, रामनिवास जिनोलिया, संजय अठावाल, सुभाष सोनी, बनवारीसिंह राठौड़, आकाश नेहरा, विनोद पुजारी, राहुल झाझड़िया, मनीराम खालिया, कमल मारु, जितेंद्र टीबड़ा भी उपस्थित थे। शिविर प्रभारी डॉ. संपत्त बारूपाल ने बताया कि योग शिविर सुबह पांच से सात तक संचालित किया जाउगा। अंत में उन्होंने सभी योग साधकों का आभार प्रकट किया।

### अरशद खान का किया अभिनंदन

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित उस्मानाबाद कॉलोनी में नव ज्ञान ज्योति सी. सै. स्कूल में रविवार को निदेशक अरशद खान का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर बेहतरीन स्कूल संचालन करने पर दिल्ली में नेशनल स्कूल अवार्ड से डायरेक्टर अरशद खान को सम्मानित किया गया। एसीएमएचओ डॉ. एहसान गौरी के मुख्य आतिथ्य में हुये समारोह में अरशद खान का माल्यार्पण कर व अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाफर खान ने कहा कि यह चूरू जिले के लिये खुशी की बात है, कि एक संस्थान को इतनी बड़ी सफलता मिली है और ऐसी सफलता से अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। इस दौरान यूसुफ गौरी, डॉ. शाहनवाज खान, डॉ. अख्तर खान, अध्यापक आवेश कुरैशी, अध्यापक अजीज खान, अध्यापक सतार खान, महबूब खान, सुलेमान मनिहार, नौशाद खान, मो. हुसैन खान, रेहान खान, मोनीश खान, अमन खान आदि उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय यालसर में शुक्रवार को कक्षा 10 व 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का विद्यार्थियों का सम्मान समारोह व मदनलाल प्रधानाचार्य पद पर व गुमान सिंह वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक पद पर विभागीय पदोन्नित हासिल करने पर सम्मानित कर विदाई समारोह आयोजित किया गया।आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा, आरपी सुरेश भास्कर पीईईओ अरविंद भास्कर लालसी, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बऊ ,शीशपाल यलसर, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र गढ़वाल, एसडीएमसी सदस्य यालसर, ठाामवासी , स्टाफ सदस्य व बच्चे उपस्थित रहे ।पदोन्नित प्राप्त करने वाले मदनलाल प्रधानाचार्य ने 17 हजार रुपए का एक प्रिंटर विद्यालय को भेंट किया गया जबकि गुमान सिंह शारीरिक शिक्षक ने 20 हजार रुपए विद्यालय के लेक्चर स्टैंड के लिए विद्यालय को भेंट किए । इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र गढ़वाल द्वारा विद्यालय को 1 लाख रूपए का चेक सीसीटीवी कैमरा के लिए भेंट किया।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित पीएम चमड़िया स्कूल में रक्षाबंधन पर्व अनूठे तरीके से मनाया गया। बच्चों ने राखी के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। स्कूल की ममता सैनी व स्मृता कोंवर ने बताया कि प्रिंसिपल विनीता पुजारी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के लिए राखी मैकिंग कॉम्पिटिशन हुवा। बच्चों ने एक से बढ़कर एक8 राखियां बनाकर अपनी रचनाशीलता का परिचय दिया। दूसरी तरफ बच्चों ने स्कूल परिसर में पेड़ों को राखी व रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने भी पेडों को राखी बांधने के बाद उनकी नियमित सार संभाल का संकल्प लिया।

### भजन संध्या का आयोजन

**रतनगढ़।** रेलवे स्टेशन के पास स्थित महामंगलेश्वर शिवालय में श्रावण माह के समापन पर शनिवार की रात धार्मिक आयोजन हुए। सुबह से ही शिवालय में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया। रूद्राभिषेक तथा शाम को भगवान शंकर का श्रृंगार कर सामुहिक आरती का आयोजन हुआ। आरती के पश्चात भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। गायक कलाकार अरविंद इंदौरिया की गणेश वंदना से शुरू हुई भजन संध्या में गायक कलाकार छोगसिंह, संतोष राजस्थानी, श्याम नागौरी की टीम ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। पंडित लीलाधर चौमाल, विकास चौमाल,ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। देर रात तक चले आयोजन में एडवोकेट बजरंग गुर्जर, पार्षद नंदकिशोर भार्गव, लीलाधर दर्जी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सादुलपुर,।** आईजी बीकानेर के निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव द्वारा गठित स्पेशल टीम ने कार्यवाही करते हुए ०7 साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को दबिश देकर तारानगर के लूणास क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण अनुसार एसपी चूरू जय यादव द्वारा काफी लंबे समय से फरार चलं रहे अपराधियों को पकडने के लिए गठित स्पेशल टीम के इंचार्ज संजय कुमार बसेरा हेड कांस्टेबल एवं मंगल सिंह हेड कांस्टेबल द्वारा अब तक ढाई सौ स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर चुके हैं। इसी कडी में संजय कुमार बसेरा हेड कांस्टेबल व प्रमोद कांस्टेबल ने राजगढ थाने के दर्ज एक मामले में ०7 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी की तारानगर, बुचावास होते हुए तलाश कर लुणास पहुंचकर आरोपी मुखराम उर्फ मुकेश पुत्र रामेश्वर लाल प्रजापत निवासी लूणास तह. तारानगर जिला चूरू को काफी प्रयासों के बाद 1० अगस्त 2०25 को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी को राजगढ थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

### लोकसभा स्पीकर को स्मारिका भेंट की

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, जिला कोटा के अध्यक्ष तेजराज सिंह ने ओम बिरला स्पीकर लोकसभा से उनके कोटा प्रवास के दौरान शिष्टाचारवश भेंट कर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्हें प्रदेश संगठन द्वारा हाल ही में प्रकाशित स्मारिका की प्रति भी भेंट की गई तथा भावी कार्य योजना से अवगत कराया गया। इस दौरान जगदीश प्रसाद मीणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भंवर सिंह हाड़ा, जिला उपाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

### जन्माष्टमी पर कथा का होगा आयोजन

**छबड़ा।** आगामी श्रीकृंष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर चहुंओर युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में अहीर (यादव) समाज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 से 17 अगस्त तक कोटरापार स्थित लक्ष्मणजी टेकरी मन्दिर पर किया जाएगा। कथा का वाचन पूनम यादव द्वारा किया जाएगा। जिसमें राजस्थान व मध्यप्रदेश के हजारों की संख्या में भक्त पहुंचेंगे।

### नहर में गिरा सांड

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाडी पार्श्वनाथ कॉलोनी के सामने कैनाल रोड़ से छोटी बाई नहर निकल रही माइनर की दीवार दोनों और रोड़ के बराबर होने की वजह से कई बार वाहन चालक एवं छोटे बच्चे भी गिर चुके है एवं कई बार जानवर भी गिर जाते है सिंचाई विभाग को नहर की दोनों दीवारों को ऊंचा करने के लिए सूचना दे चुके है फिर भी नही हो रही सुनवाई।